मुजफ्फरनगर, 24 फरवरी   कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं महासचिव राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में हरियाणा और दिल्ली की तर्ज पर विकास के लिए कांग्रेस को जनसेवा का मौका देने का आह्वान किया है। वे आज यहां एसडी कॉलेज के विशाल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री और रालोद अध्यक्ष अजीत सिंह और कांग्रेस-रालोद गठबंधन के संयोजक व कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की भागीदारी वाली राहुल की इस जनसभा में युवाओं न बड़ी संख्या में भागीदारो की। राहुल गांधी ने जनसभा में युवा सांसद दीपेंद्र हुड्डा से काफी देर गुफ्तगू की, जिसकी काफी चर्चा मीडिया गैलरी में होती रही। जनसभा में युवाओं का जोश देखते ही बनता था। जब राहुल गांधी बोल रहे थें तो युवा बीच-बीच में राहुल गांधी आगे बढ़ो, हम तुम्हारें साथ हैं के नारे लगा रहे थे।

राहुल ने विकास के मामले में हरियाणा की खूब तारीफ की और कहा कि 22 सालों में गैर कांग्रेसी सरकारों के चलते उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ गया। उन्होंने युवाओं स सीधा संवाद करते हुए पूछा की उत्तर प्रदेश में रोजगार क्यों नहीं हैं। वे रोजगार की तलाश में हरियाणा-पंजाब जाते हैं, क्या वे नहीं चाहते ही हरियाणा की तरह उन्हें यहीं रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि बहतर बुनियादी सुविधाएं मिलें। उन्होंने भीड़ में खड़े एक युवा से उसका नाम व आयु पूछी और कहा कि उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन के लिए कौन दोषी है। इस पर उस युवा ने कहा कि मेरी उम्र 22 वर्ष है और मेरा जीवन बसपा, भाजपा और सपा की सरकारों ने खराब कर दिया। इस पर उन्होंने पूछा कि समस्याओं का हल क्या है तो युवा न कहा कि कांग्रेस की सरकार ही समस्याओं का निदान कर सकती है। इस पर राहुल ने कहा कि यह केवल इस युवा की सोच नहीं है, प्रदेश का हर युवा यही सोच रखता है।

कांग्रेस महासचिव ने उमड़ी भीड़ के जोश से उत्साहित होकर प्रदेश की जनता से कांग्रेस को एक अवसर देने और 5 साल मे सूरत बदलने और 10 साल में पूरी प्रगति का वायदा किया। उन्होंने कहा कि वे वायदे नहों काम में विश्वास करते हैं और कांग्रेस सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और आम आदमी व गरीब वर्ग की सरकार चाहती है, जो कांग्रेस ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि पिछले 22 वर्षों से उत्तर प्रदेश पर राज करने वाले नेता जनता की बदहाली के लिए जिम्मेवार है, लेकिन वे आज जनता को जवाब देने की बजाय केवल वायदे कर रहे हैं। उन्होंने पूछा की सत्ता में रहते हुए उन्होंने जनता के लिए कार्य क्यों नहीं किया।

मुलायम सिंह यादव पर तीखा हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब मुलायम सिंह सत्ता में थे, तब उन्होंने मुसलमान भाईयों के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने मुसलमान भाईयों को हक देने का प्रावधान किया तो मुलायम ने कहा कि यह कम है, मुलायम को जवाब देना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने यह सब क्यों नहीं किया। राहुल गांधी ने कहा कि विकास वायदों से नहीं, बल्कि काम करने से होता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को बदलने का आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र में आम लोगों की सरकार है, लेकिन आप उत्तर प्रदेश में सरकार बनाकर हमारे दोनों हाथ मजबूत करें, फिर देखें विकास कैसे होता है। उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, आसाम में कांग्रेस की सरकारें है और वहां जनता के हित में योजनाएं लागू की जा रही है और तेजी से विकास हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना विकास नहीं हो सकता और जो लड़ाई चौधरी चरण सिंह ने शुरू की थी, आज राहुल गांधी उसी लड़ाई को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने मंडल आयोग का गठन किया और आयोग की रिपोर्ट के अनुसार मुसलमानों के कश्यप, धोबी, बढ़ई आदि अति पिछड़े समुदाय को भी आरक्षण का लाभ देने की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और इलाके का भला केवल कांग्रेस-रालोद सरकार ही कर सकती है। उन्होंने सभी कांग्रेस-रालोद कार्यकर्त्ताओं को एकजुट होकर गठबंधन प्रत्याशियों को जीत दिलाने का आह्वान किया, क्योंकि गठबंधन के विधायक ही लखनऊ में आपकी सरकार बनाएंगे। उन्होंने मायावती और मुलायम सिंह पर भ्रष्टाचार व गुण्डागर्दी को सरंक्षण देने के गंभीर आरोप भी लगाए।